आकाशवाणी शिमला

20.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

विंटर कार्निवाल

मनाली का राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल आज शुरू हो गया। 24 जनवरी तक चलने वाले इस कार्निवाल का शुभारंभ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने माता हिडिंबा मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर किया। मुख्यमंत्री ने विंटर कार्निवाल की झांकियों को भी हरी झंडी दिखाई। उन्होंने इस मौके पर मनाली में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 2 सौ 50 करोड़ रूपये की लागत से रीवर फ्रंट विकसित करने की घोषणा की।

इस मौके पर देशभर से आए सांस्कृतिक दलों के अलावा लगभग 3 सौ महिला मंडलों ने पारंपरिक वेशभूषा में रंग–बिरंगी झांकियां निकालकर मनाली को राज्य की समृद्ध संस्कृति की झलक से सराबोर कर दिया। झांकियों में सामाजिक संदेशों, लोक परंपराओं और हिमाचली संस्कृति की झलक देखने को मिली। इस दौरान कार्निवाल परेड को देखने के लिए हज़ारों स्थानीय लोग और पर्यटक सड़कों पर उमड़ पड़े। मनाली विंटर कार्निवाल के दौरान शरद सुंदरी का भी चयन होगा। इस प्रतियोगिता में 30 प्रतिभागी हिस्सा ले रही हैं। इस अवसर पर विधायक भुवनेश्वर गौड़, सुंदर सिंह ठाकुर और अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

उद्घाटन

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज मनाली विधानसभा क्षेत्र में 63 करोड़ 55 लाख रूपये की 8 विकास योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। उन्होंने कहा कि इन विकास योजनाओं से क्षेत्र में लोगों की वर्षों से चली आ रही मांगें पूरी हो गई हैं।

कुलदीप पठानिया

प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि पारदर्शिता लोकतंत्र की आत्मा है। पठानिया आज उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर पारदर्शिता, कुशल और नागरिक केंद्रित विधायी प्रक्रियोओं के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग विषय पर अपना संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी कोई विकल्प नहीं, बल्कि आधुनिक लोकतंत्र की आवश्यकता बन चुकी है। पठानिया ने कहा कि पारदर्शी, कुशल और नागरिक केंद्रित विधायी प्रक्रिया के लिए डिजिटल नवाचारों का विवेकपूर्ण और समावेशी उपयोग अनिवार्य है।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का बतौर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकाल अत्यंत सफल, सशक्त और संगठनात्मक रूप से ऐतिहासिक रहा है। जयराम ठाकुर ने आज शिमला में कहा कि नड्डा ने विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के शीर्ष पद पर आसीन होकर जिस कुशलता के साथ संगठन का संचालन किया, वह हर हिमाचलवासी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि नड्डा के नेतृत्व में पार्टी ने कठिन से कठिन चुनौतियों का दृढ़ता से सामना किया।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि भाजपा का आंतरिक लोकतंत्र विश्व में सबसे अद्भुत है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की निर्वाचन प्रक्रिया में शामिल होने के मौके पर बिंदल ने कहा कि शून्य से शिखर तक भाजपा की यात्रा विकसित भारत के संकल्प की सशक्त अभिव्यक्ति है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नितिन नबीन के नेतृत्व में संगठनात्मक ऊर्जा, युवा सोच और अनुभव का संतुलन भाजपा को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। सांसद व पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने इस मौके पर कहा कि नितिन नबीन भारतीय राजनीति के उभरते हुए युवा नेता हैं और वे भाजपा को नई ऊर्जा देंगे।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य के हर वर्ग और हर क्षेत्र के संतुलित और सर्वांगीण विकास के लिए पूर्ण निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। विक्रमादित्य सिंह आज राजभवन शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से शिष्टाचार भेंट के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने इस मौके पर राज्यपाल को प्रदेश में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि बीते 3 वर्षों में प्रदेश को विभिन्न केंद्रीय योजनाओं और मदों के माध्यम से लगभग 5 हज़ार 4 सौ करोड़ रूपये की राशि मिली है। उन्होंने बाद में शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की कोट पंचायत में नवनिर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण भी किया।

कांग्रेस

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने पार्टी कार्यकर्ताओं से पंचायत चुनावों के लिए कमर कसने और मैदान में उतरने को कहा है। विनय कुमार ने आज शिमला में 30 अप्रैल से पहले चुनाव करवाने के प्रदेश सरकार के फैसले का स्वागत किया और कहा कि कांग्रेस ने हमेशा ही लोकतांत्रिक व्यवस्था का सम्मान किया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से पंचायत चुनाव में ऐसे उम्मीदवारों को उतारने और उनका समर्थन करने की सलाह दी है जो पार्टी की विचारधारा से जुड़े हों।